# कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

## ई–निविदा सूचना

नगर निगम, देहरादून द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु स्वास्थय (स्टोर) के प्रयोग में आने वाली कीटनाशक सामग्री आपूर्ति करने हेतु ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है। ई–निविदा से सम्बन्धित विवरण www.uktenders.gov.in से प्राप्त किये जा सकते है।

| विवरण | निविदा शुल्क | घरोहर राशि | डाउनलोड करने की तिथि | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु स्वास्थय (स्टोर) के प्रयोग में आने वाली कीटनाशक सामग्री आपूर्ति करने हेतु। | रू0 2,360/– GST सहित। | 2,00,000/– | 03.06.2023 प्रातः 11:00 से 22.06.2023 सांय 4.00 बजे तक। | 23.06.2023 सायः 04:00 बजे । |

नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून।

पत्रांक 327 /स्वा0/ न0नि0/दे0दून/2023–24 दिनांक– 02/06/2023

प्रतिलिपिः–

1. सम्पादक हिन्दुस्तान (हिन्दी) देहरादून संस्करण कृपया निविदा को अपने अगले अंक में न्यूनतम जगह मे प्रकाशित कर नियमानुसार छूट के साथ बिल भुगतान हेतु नगर निगम को तीन प्रतियां के साथ उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. सम्पादक Pioneer देहरादून संस्करण कृपया निविदा को अपने अगले अंक में न्यूनतम जगह मे प्रकाशित कर नियमानुसार छूट के साथ बिल भुगतान हेतु नगर निगम को तीन प्रतियां के साथ उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. आई0टी0 ऑफिसर को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उपरोक्त कार्य की निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण वेबसाईड www.uktenders.gov.in में तत्काल अपलोड करें।
4. नोटिस बोर्ड नगर निगम कार्यालय पर चस्पा करने हेतु।

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम देहरादून।

Scanned with CamScanner

वर्ष–2023-24

## ई–निविदा दस्तावेज

**कार्य का नाम– नगर निगम, देहरादून में वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु स्वास्थ्य स्टोर के प्रयोग में आने वाली कीटनाशक सामग्री आपूर्ति करने हेतु ई–निविदा।**

# नगर निगम देहरादून।

ई–मेलआई0डी0–nagarnigam.ddn@gmail.com
बेबसाइट–www.nagarnigamdehradun.com

Scanned with CamScanner

# ई–निविदा दस्तावेज

**1. ई–निविदा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथि एवं समय :–**

- ई–निविदा प्रकाशित करने की तिथि – दिनांक 03.06.2023 प्रातः 11:00 बजे।
- ई–निविदा अपलोड करने की तिथि – दिनांक 03.06.2023 प्रातः 11:00 बजे।
- ई–निविदा डाउनलोड करने की तिथि – दिनांक 03.06.2023 प्रातः 11:00 बजे से 22.06.2023 सांय 04:00 बजे तक।
- ई–निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय – दिनांक 23.06.2023 दोपहर 02:00 बजे तक।
- ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 23.06.2023 सांय 04:00 बजे तक।

**2. कार्य का नाम :–**

- नगर निगम, देहरादून में वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु स्वच्छता सम्बन्धी कार्यों में प्रयोग होने वाली कीटनाशक व रसायन की आपूर्ति हेतु ई–निविदा।

**3. निविदा हेतु पात्रता/ अर्हता :–**

- निविदादाता को अपना नाम व पता या व्यापार करने का स्थान, टेलिफोन नंबर/मोबाईल नंबर, ई–मेल नंबर, आधार कार्ड, पैन कार्ड की प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
- निविदादाता को अपने फर्म का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नम्बर सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- निविदादाता फर्म का विगत तीन वित्तीय वर्षो (2019–20, 2020–21 व 2021–22) का औसत टर्न ओवर कम से कम रू0– 50,00,000/– (पचास लाख रूपये), जो चाटर्ड अकाउटेंट से प्रमाणित हो उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
- फर्म का विगत तीन वित्तीय वर्षो (2019–20, 2020–21 व 2021–22) का आयकर रिटर्न का प्रमाण पत्र उपलब्ध करना अनिवार्य होगा।
- निविदादाता द्वारा देशभर में किसी भी सरकारी विभाग/नगर निकाय में ब्लैक लिस्टेड नही होने का शपथ पत्र 100/– के नॉन जूडिशियल स्टाप पेपर पर देना अनिवार्य होगा।
- निविदादाता फर्म द्वारा कीटनाशक हेतु निर्माता का सी0आई0बी0 लाईसेंस व कीटनाशक की गुणवत्ता हेतु जी0एल0पी0 लैब द्वारा जारी प्रमाण पत्र तथा किसी भी राज्य का कीटनाशक लाइसेंस संलग्न करना अनिवार्य है
- निविदादाता फर्म का अधिकृत विक्रेता होने पर निर्माता कम्पनी/फर्म से अधिकृत होने का वैध प्रमाण पत्र संलग्न कराना अनिवार्य होगा।
- निविदा शुल्क व निविदा धरोहर धनराशि (ई0एम0डी0)व नॉन ब्लैक लिस्ट सम्बन्धी पत्र मूल रुप में निविदा की अंतिम तिथि से पूर्व नगर निगम के निविदा बाक्स में जमा करना अनिवार्य होगा।

**4. ई–निविदा शुल्कः–**

- निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु सर्वप्रथम निविदा शुल्क रूपये 2000/– (+ जी0एस0टी0 18% अतिरिक्त) कुल रूपये **2360**/–(दो हजार तीन सौ साठ रूपये) का डिमान्ड ड्राफ्ट जो **वित्त नियंत्रक, नगर निगम, देहरादून** के नाम पर हो, के माध्यम से मूल रुप में निविदा डालने की अन्तिम तिथि से कार्यालय में पूर्व उपलब्ध कराना अनिवार्य है, निविदा शुल्क प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा। निविदा शुल्क धनराशि को किसी भी दशा में वापस नही किया जायेगा।

**5. धरोहर राशि :–**

- निविदा हेतु रू0 2,00,000/– (दो लाख रूपये) निविदा धरोहर धनराशि (EMD)के रूपमें एफ0डी0आर0 जो **वित्त नियंत्रक, नगर निगम, देहरादून** के नाम से बन्धक कराना होगा।

- धरोहर राशि/निविदा शुल्क सम्बन्धी एफ0डी0आर0 की मूल रुप में सील बन्द लिफाफे में स्टोर स्वास्थ्य अनुभाग के निविदा बाक्स में निविदा डालने की अन्तिम तिथि तक जमा करना अनिवार्य है। धरोहर राशि प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

Scanned with CamScanner

अनुभाग के निविदा बाक्स में निविदा डालने की अन्तिम तिथि तक जमा करना अनिवार्य है। धरोहर राशि प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

**6. कार्यपूर्ति प्रतिभूति :–**

- सफल निविदादाता को उल्लेखित सामग्री के मूल्य की धनराशि का 05 प्रतिशत कार्यपूर्ति प्रतिभूति (Performance Security) के रूप में वाणिज्य बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 या बैंक गारन्टी, **वित्त नियंत्रक, नगर निगम देहरादून** के नाम जमा कराना अनिवार्य होगा। जो अनुबंध की समाप्ति तिथि के बाद कम से कम 06 माह तक वैध होनी आवश्यक है।
- सफल निविदादाता द्वारा कार्यपूर्ति प्रतिभूति धरोहर प्रस्तुत करने के बाद उसकी निविदा धरोहर वापस कर दी जायेगी।

**7. ई–निविदा विधि :–**

- ई–निविदा हेतु दो प्रस्ताव प्रणाली आमंत्रित की जा रही है,
- प्रस्ताव–एक (तकनीकी बिड) में निविदा से सम्बन्धित हस्ताक्षिरत दस्तावेज/शपथ पत्र/धरोहर राशि/टेण्डर फीस उपलब्ध कराये जायेंगे।
- प्रस्ताव–दो (वित्तीय बिड) में वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा जो कि ई–निविदा पोर्टल पर बी0ओ0क्यू0 के अनुसार होगा।

**8. वित्तीय प्रस्ताव (वित्तीय बिड) :–**

- ई–निविदा प्रक्रिया में उक्त कार्य हेतु बी0ओ0क्यू0 के अनुसार दरें प्रस्तुत की जायेंगी। (संलग्न–बी0ओ0क्यू0) वित्तीय निविदा में समस्त सामग्रीयों की दरें समस्त कर एवं किराया सहित अंकित करना अनिवार्य है। समस्त सामग्रीयों की दरें अंकित किया जाना अनिवार्य है।
- न्यूनतम दरों के आधार पर निविदादाता फर्म का चयन किया जायेगा।
- तकनीकी बिड में सफल निविदा प्रस्तुतकर्ताओं की ही वित्तीय बिड खोली जायेगी।

**9. भुगतान प्रक्रिया :–**

- कार्य के लिए अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा। कार्य के उपरान्त बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। निगम द्वारा आपूर्ति की गयी सामग्री का निरीक्षण करने के उपरान्त संतोषजनक पाए जाने पर ही भुगतान किया जायेगा।
- नगर निगम स्तर पर अपरिहार्य कारणों से भुगतान में विलम्ब होने पर निविदादाता द्वारा आपूर्ति नहीं रोकी जायेगी।

**10. विवाद की स्थिति होने पर :–**

- फर्म तथा नगर निगम के मध्य कोई विवाद होने पर उसका निपटारा नगर निगम स्तर पर किया जायेगा।
- किसी भी प्रकार के विवाद होने की स्थिति में न्याय क्षेत्र देहरादून होगा।

**11. निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति :–**

- किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, देहरादून के पास सुरक्षित है।

**12. आपूर्ति आदेश :–**

- समस्त सामग्री उच्च गुणवत्ता/मानक/माप वाली होनी चाहिये।
- आवश्यकतानुसार सामग्री की अनुमानित मात्रा घट बढ सकती है, आपूर्ति हेतु ऑडर आवश्यकतानुसार ही समय–समय पर दिया जायेगा। सामग्री की आपूर्ति नगर निगम कार्यालय में एफ0ओ0आर0 करानी होगी।
- यदि सफल निविदादाता फर्म द्वारा अनुबंध/आपूर्ति आदेश के बाद निर्धारित समय में आपूर्ति नहीं की जाती है तो निविदादाता की धरोहर राशि जब्त करते हुए उसका अनुबंध को निरस्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी एवं फर्म को ब्लैलिस्ट करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**13. कार्य अवधि :–**

Scanned with CamScanner

| |
|---|
| • स्वीकृत निविदा दर के आधार पर सम्बन्धित फर्म को आपूर्ति करने से पूर्व 100/-रूपये के स्टाम्प पेपर पर नगर निगम से अनुबन्ध करना होगा, यह स्वीकृति अनुबन्ध की तिथि से एक वर्ष के लिये वैध होगी, जिसे समिति की सहमति/संस्तुति/स्वीकृति के उपरान्त 01 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। |
| **14. विलम्ब से प्राप्त निविदा :-**<br>• देर से प्राप्त (निर्धारित तिथि एवं समय के बाद) निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। |
| **15. ई-निविदा का प्रकाशन :-**<br>• ई-निविदा विवरण उत्तराखण्ड ई-निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in पर प्रकाशित किया जायेगा, इसके साथ नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigamdehradun.com पर भी उपलब्ध रहेगा।<br>• ई-निविदा प्रक्रिया में विस्तार एवं किसी भी प्रकार के परिवर्तन होने की दशा में ई-निविदा पोर्टल पर शुद्धि पत्र प्रकाशित किया जायेगा। |
| **16. निविदा की अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र :-**<br>• स्टोर/रिकार्ड कीपर (स्वास्थ्य) नगर निगम, देहरादून।<br>• मोबाईल नम्बर- 7579068418, 9412974093 |

Scanned with CamScanner